हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, रविवार, 5 अक्तूबर 2025




### 'विकसित भारत में विमानन क्षेत्र की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी में रखे विचार

# विमानन क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत: गडकरी

**नागपुर.**



नागपुर देश के मध्य में स्थित नागपुर में 'विमानन केंद्र' बनने की क्षमता है। इसलिए, विमानन क्षेत्र में सुरक्षा से समझौता किये बिना जिम्मेदारी से काम करने की आवश्यकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार, 4 को अपील की कि हम अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग करके इस क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करें। 'विकसित भारत में विमानन क्षेत्र की भूमिका' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वे इस अवसर पर बोल रहे थे। यह सम्मेलन एयर ट्रैफिक कंट्रोलर गिल्ड ऑफ इंडिया द्वारा 4 से 6 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में केंद्रीय विमानन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ-साथ विमानन क्षेत्र की विभिन्न निजी कंपनियों के हितधारकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारतीय नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के महाप्रबंधक योगीराज सोरते, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के महासचिव आलोक यादव, औद्योगिक विकास संघ के सचिव डॉ. विजय कुमार शर्मा भी उपस्थित थे।

गडकरी ने आगे कहा, 'पिछले दस वर्षों में देश में हवाई अड्डों की संख्या 75 से बढ़कर 150 हो गई है। देहरादून से दिल्ली के लिए स्पाइस जेट्स की उड़ान में जैव-विमानन ईंधन का उपयोग किया गया है। देश के किसान अब पराली और चावल की भूसी से जैव-विमानन ईंधन का उत्पादन कर सकते हैं।' एक उभयचर सीप्लेन, यानी एक ऐसा विमान जो जमीन और पानी दोनों पर चल सके, की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल और वायु मार्गों से यात्री परिवहन को लागत प्रभावी और तेज़ बनाना समय की माँग है। इसके लिए विमानन विशेषज्ञों द्वारा दिशा-निर्देश और दिशानिर्देश तैयार किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के हितधारकों को यात्री परिवहन से राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ हवाई परिवहन क्षेत्र में नवीनतम तकनीक को शामिल करने हेतु नई योजनाओं पर गहन विचार करना चाहिए।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की श्रद्धांजलि अर्पित



**नागपुर.** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विनोबा भावे नगर गांधी चौक स्थित गांधीजी व शास्त्री की पुतले पर नागपुर शहर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक 15 के अध्यक्ष मूलचंद मेहर, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव शायदा अहमद खान ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर अल्ताफ शेख, राजेश कोहाड़, एंगेश्वर देवांगन, असहद खान, ओमप्रकाश कहाटे, सुनील निपाने, दीपक पटेल, इंद्रपाल खापेकर, मकसूद पटेल,अनिरुद्ध कोहाड़, ठाकरे भाऊ, डेकाटेजी, निलेश धोतरकर, भांडारकर, रितेश कडू, ललिता मेश्राम, माधुरी मुपुरने, कमला धान्डे, नीतू उइके, प्रशंशा, सिद्धि शाहु, आर्यन सहित उपस्थित नागरिको ने गांधीजी व शास्त्रीजी को फूल अर्पण कर नमन किया.

## गुजराती ब्रह्म समाज महिला मंडल का भव्य 'देवी वंदना' आयोजन



**नागपुर.** वोल्गा ठाकर की अध्यक्षता में श्री नागपुर गुजराती ब्रह्म समाज महिला मंडल द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर "देवी वंदना" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑनलाइन रील प्रतियोगिता के साथ-साथ समाज भवन में दो दिवसीय विविध गरबा स्पर्धाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अंतिम दिन सिन्दूर खेला का भी आकर्षक आयोजन किया गया। समाज की सभी बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से चेतनाबेन टांक की उपस्थिति ने सभी प्रतिभागियों को उत्साह और प्रेरणा से भर दिया। कार्यक्रम का मूल्यांकन प्रसिद्ध कलाकारों श्वेता पतकी, सांची जिवने, कोमल सूचक और किरन दवे, हेमा महेता, आशु व्यास और हिना जोशी द्वारा किया गया।संचालन विभूति दवे, मिली ठाकर एवं पूर्वी ठाकर ने किया । महिला मंडल की अध्यक्षा वोल्गा ठाकर, सचिव गीता मेहता तथा समिति की सदस्याएं हिना जोशी, राजश्री भट्ट, तृप्ति जोशी, विभूति दवे, नीता शुक्ला, साधना जोशी, मिली ठाकर, पूर्वी ठाकर, शीतल आचार्य, मोनिका जानी आशु व्यास और सोनल रावल- के सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पारूल बेन ठाकर, सीमा बेन ठाकर कल्पना बेन व्यास ने ल्हानी वितरण किया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये गए और सभी उपस्थितों ने इस आयोजन की सराहना की।

## बाजार की मांग के अनुसार फसल प्रणाली में बदलाव लाकर आय बढ़ाएं

> केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किसानों से की अपील, बेला में किसान सम्मेलन आयोजित

**नागपुर.**




किसानों को 'फसल पद्धति' में बदलाव लाकर और बाजार की मांग व उत्पादकता के बीच संतुलन बनाकर आय बढ़ानी चाहिए। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपील की कि नागपुर, भंडारा और वर्धा जिलों में नवीनतम तकनीक का उपयोग करके गन्ने की खेती को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि चीनी मिलें पूरी क्षमता से चल सकें। वे बेला में मानस एग्रो इंडस्ट्रीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। गडकरी ने कहा, 'मैं पिछले कई वर्षों से किसानों को ईंधन प्रदाता बनाने का प्रयास कर रहा हूं। यदि भारत को समृद्ध बनाना है, तो ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना होगा। इस बदलाव का केंद्र किसान हैं। यदि किसान की आय बढ़ेगी, तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इसलिए, किसानों को आधुनिक तकनीक अपनानी चाहिए और उत्पादन व मूल्य संवर्धन, दोनों दिशाओं में आगे बढ़ना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'कारखाना शुरू करने में कई कठिनाइयां आईं। हालांकि, किसानों के सहयोग और दृढ़ता से हमने उन सभी कठिनाइयों को पार कर लिया। आज कारखाना सफलतापूर्वक चल रहा है और इसका श्रेय किसानों को जाता है। यह सहयोग भविष्य में भी जारी रहना चाहिए। गडकरी ने यह भी अपील की कि, "हम गन्ने के साथ-साथ अन्य फसलों के संबंध में भी 'एग्रो विजन' के माध्यम से प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम लगातार चला रहे हैं। विदर्भ के किसान इस कृषि आंदोलन में भाग लें और अपने क्षेत्र को कृषि की दृष्टि से समृद्ध बनाएं।" इस अवसर पर, गडकरी ने कारखाने को सबसे अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले प्रतिष्ठित किसानों को सम्मानित किया। किसान सम्मेलन की अध्यक्षता मानस समूह के उपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा ने की। विधायक डॉ. आशीष देशमुख, पूर्व विधायक सुधीर पारवे, राजू पारवे, आनंदराव राउत, अनिल मेंढे, नरेंद्र जीवतोड़े, प्रबंध निदेशक समय बंसोड़, निदेशक फकीरा खड़से, शेषराव भोयर आदि उपस्थित थे। जयकुमार वर्मा ने परिचय दिया, महाप्रबंधक जयंत ढगे ने संचालन किया और नरेश गेडेकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## झगड़े के दौरान युवक से हाथापाई

> मोटरसाइकिल की चाबी से किया हमला

**नागपुर.** पारडी पुलिस थाने के शिवनगर में बुधवार की रात को एक युवक पर हमले का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता युगल संतोष चंदनमलगर (23 वर्ष) और रामलखन शाहू (52 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि वह शिवनगर स्थित शीतला माता मंदिर के पास खड़े थे, तभी आरोपी ने जोर से चिल्लाते हुए उनके साथ हाथापाई की। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपी ने मोटरसाइकिल की चाबी से युगल संतोष के सिर पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तुरंत मेयो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान सौरभ कुल्लराम शाहू (22 वर्ष) और कुल्लराम युगल संतोष चंदनमलगर (28 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस ने बाद में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस आयुक्त के हाथों बुराई का दहन

### रवींद्र सिंघल ने दिया 'नशा मुक्ति' का बुलंद संदेश, राकांपा के दशहरा महोत्सव में सामाजिक एकता का भव्य प्रदर्शन



**नागपुर.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), नागपुर शहर और ग्रामीण जिला द्वारा 02 अक्तूबर को आयोजित किया गया भव्य दशहरा महोत्सव, नागपुर वासियों के मन में एक अविस्मरणीय अनुभव बनकर उभरा। उत्सवी माहौल, विशाल जनसमूह की उपस्थिति और सामाजिक संदेश की स्पष्टता के कारण इस आयोजन को अभूतपूर्व सफलता मिली।

विजय और प्रबोधन का त्रिवेणी संगम इस समारोह की विशेषता यह रही कि इसमें एक ही मंच पर तीन महान विचारों का संगम किया गया: धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस: सामाजिक समता और मानवीय मूल्यों का संदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती: राष्ट्रीय एकता और सत्य-अहिंसा का महत्व।

दशहरा विजयोत्सव: बुराई पर अच्छाई की और अंधकार पर प्रकाश की विजय। इस त्रिवेणी संगम ने इस महोत्सव को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक प्रबोधन का एक प्रमुख प्रेरणास्रोत बना दिया। पुलिस आयुक्त द्वारा रावण दहन और समाज सेवा का संदेश समारोह के मुख्य आकर्षण रावण दहन के लिए नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उनके कर कमलों से पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार रावण का दहन किया गया। रावण दहन के उपरांत अपने संबोधन में पुलिस आयुक्त ने, रावण की तरह ही समाज की बुरी आदतों और व्यसनों का दहन करने का आह्वान किया। उन्होंने युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए 'नशा मुक्ति' (व्यसन मुक्ति) का अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश दिया और समाज के हर व्यक्ति से व्यसनों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की।

## मानकापुर में युवती से बदतमीजी के बाद दी धमकी

**नागपुर.** शहर के मानकापुर इलाके में एक चौराहे पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक युवती के साथ बदतमीजी की और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी और गाली गलौज की विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 3 अक्टूबर की सुबह लगभग 11:15 बजे पागलखाना चौक के पास, यूनिवर्सिटी कैंपस की ओर जाने वाले रास्ते पर हुई। पीड़िता (37) वर्षीय महिला अपनी कार से यात्रा कर रही थीं। सिग्नल पर रुकने के दौरान, एक दूसरी कार (एमएच 14 एफ एक्स 2695) से दो अज्ञात व्यक्ति उतरे और उनकी कार के सामने आ गए। आरोपियों ने पीड़िता से अश्लील भाषा का इस्तेमाल करते हुए उन पर नशे में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनकी कार को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने पीड़िता से 50,000 रुपये की मांग की। जब पीड़िता ने मना किया, तो आरोपियों ने गंदी गालियां दीं और उनके साथ बदसलूकी की। इस दौरान पीड़िता ने अपने भाई को फोन कर मदद मांगी। जब उनका भाई मौके पर पहुंचा और आरोपियों को समझाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे भी गालियां दीं और उसके साथ मारपीट की। साथ ही, उन्होंने पैसे न देने पर कार जब्त करने और जान से मारने की धमकी भी दी पीड़िता ने मानकापुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर, पुलिस ने छेड़खानी गाली गलौज जान से मारने की धमकी जैसी विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जांच जारी है।

## दुर्गा उत्सव में झूलों के लिए हुई मारपीट

**नागपुर.** डिगडोह में नगर परिषद के ख़ाली मैदान में 2 अक्टूबर की रात को एक गंभीर घटना हुई। सूचना के अनुसार फरियादी नीरज विजय अग्रहरी (32 वर्ष) कोतवाली निवासी ने दुर्गा उत्सव में अपना झूला लगाया हुआ था। इसी बीच , 22-23 वर्ष का एक युवक और उसके अन्य तीन साथियों के साथ वहां पहुंचे और नीरज से हुल्लड़बाजी शुरू कर दी। हालांकि इसी बीच नीरज ने इन चारों को टोका जिसका मलाल मन में रखते हुए इन चोरों ने निरज पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले हाथ बुक्की से मारपीट की और बाद में एक आरोपी ने चाकू से पेट में वार किया। घायल नीरज को तुरंत लता मंगेशकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र में 24/7 व्यापार को मिली मंजूरी



**नागपुर.** महाराष्ट्र सरकार द्वारा वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को 24/7 खुले रखने की अनुमति देना एक ऐतिहासिक सुधारवाला वास्तव में प्रगतिशील कदम है। यह निर्णय खुदरा, आतिथ्य, मनोरंजन और सेवा क्षेत्र सहित विभिन्न व्यवसायों को अधिक लचीलापन प्रदान करके आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। बढ़े हुए कार्य समय से व्यापार के अधिक अवसर, बिक्री में वृद्धि और ग्राहकों की अधिक आवाजाही होगी, जिससे व्यवसायों और राज्य दोनों की आय में वृद्धि होगी। यह कदम सेवा क्षेत्र में विशेष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा, क्योंकि प्रतिष्ठानों को अतिरिक्त पाली प्रबंधन हेतु अधिक जनशक्ति की आवश्यकता होगी।

साथ ही, यह नागरिकों के लिए इजी ऑफ़ लिविंग को भी बढ़ाएगा क्योंकि उन्हें दिन-रात किसी भी समय वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच और सुविधा मिलेगी। विश्व स्तर पर 24/7 वाणिज्यिक गतिविधि जीवंत अर्थव्यवस्थाओं और महानगरों की पहचान है। इस निर्णय के साथ महाराष्ट्र अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वयं को ढाल रहा है और भारत में व्यापार, उद्योग और निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। कमिट इस सुधार का हृदय से स्वागत करता है और हमें पूर्ण विश्वास है कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए विकास, अवसर और प्रतिस्पर्धा का एक नया युग लेकर आएगा।

## बाइक सवार पर ई-रिक्शा चालक ने किया हमला, युवक घायल



**नागपुर.**

यशोधरानगर पुलिस थाना अंतर्गत रॉन्ग साइड से आ रहे की एक ई- रिक्शा चालक ने दो पहिया सवार युवक पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना यशोधरा नगर के योगी अरविंद नगर परिसर में हुई। जानकारी के अनुसार, 20 वर्षीय मोहसिन खान निवासी गरीब नवाज नगर अपने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (एमएच 49 सीजे 9824) से यशोधरानगर से गुजर रहे थे। उसी समय, आरोपी रशिद मोहसिन खान उम्र 30-35 वर्ष, जो ई-रिक्शा चालक हैं, अपनी रिक्शा से अचानक रॉन्ग साइड से आते हुए. उसके सामने आ गए। मौके पर आरोपी ने खान को गाली-गलौज करते हुए लकड़ी की बली से उनके बायें हाथ पर हमला किया। घायल खान का उपचार मेयो अस्पताल में किया गया। फिलहाल पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मारपीट के तहत मामला दर्ज किया है। मोहसिन खान फर्नीचर व्यवसाय से जुड़े हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी अपने रिकॉर्ड में शामिल किए हैं और आरोपी की तलाश कर रही है।

## मेडिट्रिना अस्पताल घोटाला

### डॉ. पालतेवार समेत 13 आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज

**नागपुर.**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए.वी. धुलधुले ने शनिवार को मेडिट्रिना अस्पताल से जुड़े करोड़ों रुपए के वित्तीय घोटाले के मामले में डॉ. समीर पालतेवार, उनकी पत्नी सोनाली सहित 13 आरोपियों की अंतरिम अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने आदेश में कहा कि डॉ. पालतेवार व अन्य ने ओब्विएट हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड समेत कई हेल्थ केयर सर्विस संगठनों के नाम से शेल कंपनियां बनाई और मेडिट्रिना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड (वी.आर.जी. हेल्थ केयर) के खाते से रकम स्थानांतरित की। न्यायालय ने पाया कि इन कंपनियों का कार्यालय पता भी मेडिट्रिना इंस्टिट्यूट से मेल खाता है। यही नहीं, इन कंपनियों के स्टैम्प व सील का उपयोग भी अपराध में किया गया। अदालत ने माना कि यह कार्य बिना आपसी समझ के संभव नहीं। आर्थिक अपराध शाखा ने 17 सितंबर को डॉ. पालतेवार, उनकी पत्नी व 16 अन्य के खिलाफ पाँचवीं एफआईआर दर्ज की थी। सह-संस्थापक गणेश चक्करवार ने 2020 से 2024 के बीच 16.83 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया है। मनपा ने भी अस्पताल में अग्नि सुरक्षा व स्वास्थ्य नियम उल्लंघन की जांच शुरू की है और आई.पी.डी. अनुमति रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

## सपा ने की स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना रद्द करने की मांग

**नागपुर/कामठी.**



स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना को तत्काल वापस लेने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) की कामठी शहर इकाई ने शुक्रवार, (3) को महावितरण कार्यालय के सामने एक विशाल धरना-विरोध प्रदर्शन किया और इस विषय पर महावितरण कामठी विभाग के अभियंता सुरेश राठौड़ को ज्ञापन सौंपा गया। सपा ने इस योजना को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि यह गरीब, मजदूर और छोटे व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ाएगी। इस जोरदार प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद तसनीम फ़ैसल और प्रदेश उपाध्यक्ष वक़ार अहमद ने किया। उनके साथ कामठी शहर अध्यक्ष तनवीर शोहरत, वरिष्ठ नेता सूफी अज़हर आज़मी, ज़िला उपाध्यक्ष सैयद तारिक़ और ग़ुलाम नज़र सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्टी पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह प्रीपेड मीटर व्यवस्था आम जनता पर अनावश्यक रूप से आर्थिक दबाव डालेगी, जो गरीब, मजदूर, किसान और छोटे व्यापारी वर्ग के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध होगी। उनका तर्क था कि इस नई प्रणाली से लोगों के लिए बिजली का उपयोग करना और उसका भुगतान करना और भी कठिन हो जाएगा, जिससे उनकी दैनिक आजीविका प्रभावित होगी।

इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं में फ़रदीन मलिक, युवक अध्यक्ष मोहम्मद कामिल, सूफी सरफ़राज़, मोहम्मद वसील, अन्नू ख़ान, मोहम्मद आमिर, मोहसिन अली, मोहम्मद अदनान, अर्सलान ख़ान, उस्मान गनी, इलयास अख़्तर, मुजम्मिल रज़ा, मुश्ताक़ अहमद, दीपक रमेश, मोहम्मद रिज़वान, अवैस अहमद, अब्दुल, शेख रेहान, सैयद राशिद, मज़हर ख़ान, साजिद अंसारी, निसार अहमद, परवेज़ ख़ान, मोहम्मद अरशद, नियाज़ अंसारी और नियाज़ अली विशेष रूप से उपस्थित थे। समाजवादी पार्टी ने सरकार और महावितरण विभाग को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्टी ने कहा है कि अगर इस स्मार्ट प्रीपेड मीटर योजना को तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो सपा अपना विरोध-प्रदर्शन और अधिक व्यापक करेगी। इस प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए, जिन्होंने "स्मार्ट मीटर योजना रद्द करो" जैसे जोरदार नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया



# सावनेर में गिरे सुरक्षा कैमरों की पोल से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल!

## > सुरक्षा कैमरे ही असुरक्षित...?

**सावनेर.**

सावनेर शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, पुलिस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शहर व राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगाए गए सुरक्षा कैमरों का भव्य शुभारंभ किया गया था। 23 स्थानों पर लगाए गए कुल 91 सुरक्षा कैमरों से उम्मीद थी कि चोरी, सड़क दुर्घटनाएं और अन्य अपराधों पर नियंत्रण मिलेगा, लेकिन हकीकत में हालात जस के तस बने हुए हैं।





**अंबिका रेस्टोरेंट के पास गिरा कैमरा पोल :** 3 अक्टूबर की रात सावनेर–काटोल–कलमेश्वर मार्ग पर स्थित अंबिका रेस्टोरेंट के पास तीन कैमरे लगे एक पोल के गिर जाने से सनसनी फैल गई। यह स्पष्ट नहीं है कि पोल किसी वाहन की टक्कर से गिरा या किसी व्यक्ति द्वारा गिराया गया, या तेज हवाओं से यह हादसा हुआ। चौबीसों घंटे निगरानी के बावजूद पुलिस को इस घटना की खबर सुबह 10 बजे समाजसेवी हितेश बनसोड के माध्यम से मिली, जिन्होंने तत्पश्चात थाना प्रभारी उमेश पाटिल को इसकी जानकारी दी।

**पोल गिराने से किसे हुआ फायदा? :** सूत्रों के अनुसार, इस घटना से अवैध रेत तस्करों, कोयला चोरी करने वालों और अन्य आपराधिक तत्वों को लाभ हो सकता है। खापा स्थित कन्हान नदी से रात के समय रेत चोरी तथा कोयला परिवहन में शामिल लोगों को कैमरों से बड़ा खतरा था। इसलिए यह संभावना जताई जा रही है कि यह कार्य जानबूझकर किया गया हो।

**रात्रिकालीन ड्यूटी पर सवाल :** यह भी सवाल उठ रहा है कि जब कैमरों की निगरानी के लिए पुलिस कर्मी 24 घंटे तैनात रहते हैं, तो रात में पोल गिरने की घटना उन तक क्यों नहीं पहुँची। करीब 6–7 घंटे तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली।

**हितेश बनसोड की मांग – दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो :** हितज्योती आधार फाउंडेशन के संस्थापक व समाजसेवी हितेश बनसोड ने इस घटना की गहन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि कैमरे लगाने वाली एजेंसी द्वारा निम्न गुणवत्ता का कार्य किया गया है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। वाल उठता है कि जब सुरक्षा के लिए लगाए गए कैमरे ही असुरक्षित हों, तो सावनेर की सुरक्षा किस भरोसे पर टिकी है?

# पोरवाल कॉलेज में 'अभिजात मराठी सप्ताह' का उद्घाटन

**कामठी.**

पोरवाल जूनियर कॉलेज में शुक्रवार 3 अक्टूबर को 'अभिजात मराठी सप्ताह' का उद्घाटन समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर, उद्घाटन के उपलक्ष्य में एक विशेष 'ज्ञानेश्वरी ग्रंथ दिंडी' का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व प्रोफेसर ज्ञानेश्वरी रेवतकर ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. स्वप्निल दाहात ने की, जबकि उप-प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक प्रो. वी. बी. वंजारी और डॉ. नीता वानखेड़े ने अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह का शुभारंभ ज्ञानेश्वरी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का परिचय डॉ. नीता वानखेड़े ने दिया, जिन्होंने बताया कि अभिजात सप्ताह के दौरान जूनियर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता और कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. सुधीर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर साल 3 अक्टूबर को 'अभिजात मराठी भाषा दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इस पहल के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य मराठी भाषा के गौरव को संरक्षित करना, इसे बढ़ावा देना, जनमानस में मराठी भाषा की अभिजात वर्ग की पहचान बनाना, और इस संबंध में अनुसंधान तथा जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने 'अभिजात मराठी क्या है', 'इसके मानदंड क्या हैं' और 'भाषा को कैसे




संरक्षित व बढ़ावा दिया जाए' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। पर्यवेक्षक प्रो. वी. बी. वंजारी और प्राचार्य प्रो. डॉ. स्वप्निल दाहात ने भी छात्रों और शिक्षकों से मराठी भाषा का अधिक से अधिक उपयोग करने और इसे संरक्षित करने की पुरजोर अपील की। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. डॉ. नीता वानखेड़े और प्रो. आशीष क्षीरसागर ने किया। संचालन कुमारी पूर्णिमा गावंडे और कुमारी अक्षरा फुलझेले द्वारा किया गया, जबकि कुमारी आरुषि गजभिये ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के अधिकांश छात्र और शिक्षक उपस्थित थे, जिससे यह समारोह सफल रहा।

# आज के बालक-बालिकाएं ही 2047 के समृद्ध भारत के शिल्पकार: चरणसिंह ठाकुर

**कोंढाली.**

श्री संत गजानन महाराज ध्यान मंदिर प्रांगण में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक चरणसिंह ठाकुर ने सांस्कृतिक धर्मोत्सव, रास-गरबा एवं डांडिया महोत्सव का शुभारंभ किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

**अपने संबोधन में विधायक ठाकुर ने कहा :** "नवरात्र केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में एकता, संस्कार और संस्कृति का उत्सव है। आज के बच्चे ही 2047 के समृद्ध भारत के शिल्पकार होंगे। यदि उनकी ऊर्जा, जिज्ञासा और रचनात्मकता को सही दिशा दी गई, तो भारत निश्चय ही विश्व का सबसे प्रगतिशील, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक राष्ट्र बनेगा।" उन्होंने गजानन महाराज ध्यान केंद्र द्वारा दिए जा रहे वारकरी संप्रदाय के प्रशिक्षण को बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे संस्कार ही उन्हें अच्छे विद्यार्थी और जिम्मेदार नागरिक बनाएंगे।

**ठाकुर ने विज्ञान और अध्यात्म के संबंध पर जोर देते हुए कहा :** "भारतीय संस्कृति अंधविश्वास को नहीं, बल्कि वैज्ञानिकता को बढ़ावा देती है। नवरात्र का उपवास स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली का प्रतीक है, वहीं भजन-कीर्तन और रास-गरबा मानसिक शांति व शारीरिक तंदुरुस्ती प्रदान करते हैं।








विज्ञान और अध्यात्म का यह संगम समाज को सर्वांगीण विकास की ओर ले जाता है।" कार्यक्रम में विधायक ने जीवन आधार बहुउद्देशीय संस्था, नागपुर के संचालक जीवन जंवजाळ के सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों की सराहना की। संस्था द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और खेलकूद में प्रोत्साहन देने को उन्होंने "समृद्ध भारत" की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, युवा-युवतियां उपस्थित रहीं। रंग-बिरंगे परिधानों में रास-गरबा और डांडिया ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम उपरांत बच्चों ने विधायक ठाकुर के साथ तस्वीरें खिंचवाकर उत्साह और आनंद का वातावरण और बढ़ा दिया।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस निरीक्षक राजकुमार त्रिपाठी और उपनिरीक्षक धवल देशमुख के नेतृत्व में चाक-चौबंद व्यवस्था रही। कार्यक्रम का प्रास्ताविक जीवन जंवजाल, संचालन मोहन पात्रिकर व कुणाल भांगे तथा आभार प्रदर्शन विकास कामडी ने किया। यह भव्य आयोजन श्रद्धा, संस्कृति, विज्ञान और सामाजिक एकता का संगम बनकर कोंढाली की जनता के लिए अविस्मरणीय साबित हुआ।

# धर्मांध शक्तियों के साथ कभी गठबंधन नहीं करेंगे: डॉ. राजेंद्र गवई




**नागपुर.**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राजेंद्र गवई ने शुक्रवार 3 अक्टूबर को अमृत भवन, नागपुर में आयोजित रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस समारोह और कार्यकर्ता सम्मेलन में यह स्पष्ट किया कि आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में वे धर्मांध शक्तियों, यानी सत्ताधारी पार्टी, के साथ कभी भी गठबंधन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि रिपाई समान विचारधारा वाले दलों से बातचीत करके और उनके साथ गठबंधन करके आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ेगी। इस अवसर पर, पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामराव दाभाडे ने संगठन को मजबूत बनाने पर अधिक जोर दिया। इस सम्मेलन में, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. डॉ. अजीत सिंह चहल ने रिपब्लिकन पार्टी को आगामी चुनावों का सामना कैसे करना चाहिए, इस पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. राजेंद्र गवई इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता और अध्यक्ष थे। कार्यक्रम में वयोवृद्ध रिपब्लिकन विचारक रमेश जीवने ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मंच पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें वरिष्ठ नेता एन.आर. सुटे, नागपुर प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश कुंभे, प्रदेश महासचिव प्रशांत ढेंगरे, नागपुर शहराध्यक्ष रवींद्र सवईतूल, प्रदेश महासचिव सिद्धार्थ सुमन, वयोवृद्ध रिपब्लिकन नेता प्रदेश उपाध्यक्ष नेताजी बुरचुंडी, मुनेश्वर बोरकर, एड. नरेंद्र पाटील, मोरेश्वर चंदनखेडे, गोपाल रायपुरे, गोकुल पांडे, निलेश देशभ्रतार, लीनता जुनघरे, ऍड प्रियंका चव्हाण और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार धाबर्डे ने किया, जबकि प्रास्ताविक (प्रस्तावना) नागपुर शहर कार्याध्यक्ष क्षितिज गायकवाड ने प्रस्तुत किया और आभार प्रदर्शन ज्ञानदीप गायकवाड ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नितेश मेश्राम, अश्वजीत गायकवाड, नितीन गायकवाड, निखिल मेश्राम, सुरेश खोब्रागडे, मनोज वासनिक आदि ने परिश्रम किया।

# मकई चोरी विवाद में वृद्ध की हत्या, आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**सावनेर.**

तहसील के केलवद थाने के अंतर्गत आने वाले मौजा जटामखोरा गांव में मकई चोरी के विवाद को लेकर एक वृद्ध किसान की हत्या कर दी गई। यह घटना शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे सामने आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वामन मोहन इरपाची (60), निवासी कलंबा तहसील नरखेड़, जिला नागपुर, पिछले एक महीने से अपने साले गोदरू ऊईके के यहां जटामखोरा में खेती का काम करने आए हुए थे। शुक्रवार की सुबह वे बैलजोड़ी लेकर खेत पर गए थे। इसी दौरान आरोपी मनीष काठुलाल ऊईके (46), निवासी वड़ोना तहसील सौसर, जिला छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश), जो जटामखोरा में ठेके पर मकई की खेती कर रहा था, उसके साथ विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने वामन इरपाची पर लाठी से हमला किया। गंभीर चोट लगने से वामन की मौके पर ही मौत हो गई।



हत्या के बाद आरोपी ने शव को खेत के पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया और सीधे केलवद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस जब आरोपी को लेकर घटनास्थल पर पहुंची तो उन्हें गड्ढे में शव तैरता हुआ मिला।

पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार्रवाई में उपविभागीय पुलिस अधिकारी सागर खर्डे, प्रभारी थानेदार आशीष ठाकुर, पीएसआई अरुण राठौड़, के.के. रेजीवाड़, सुधीर यादगिरे और प्रकाश जावरकर शामिल रहे। घटना की गहराई से जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

# रामटेक में ट्रक की टक्कर से दंपति की मौत

**रामटेक.**

थाना क्षेत्र के कांद्री माइंस रेलवे क्रॉसिंग के पास विजयदशमी के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जबलपुर से नागपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दंपति की मौके पर ही मौत हो गई।मृतकों की पहचान सुनील मरस्कोल्हे (28) और उनकी पत्नी प्रियंका मरस्कोल्हे (22), निवासी बड़गांव (सावनेर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया. हादसे के चलते राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 44 पर कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही रामटेक पुलिस मौके पर पहुंची, शवों का पंचनामा कर उन्हें पोस्टमार्टम हेतु उपजिला अस्पताल भेजा गया।

# पोरवाल कॉलेज में बापू व शास्त्री को अभिवादन



**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज की विशेष दिवस कार्यक्रम समिति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गणमान्यों ने बापू और शास्त्रीजी की तस्वीरों पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। विशेष दिवस कार्यक्रम समिति के संयोजक डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने अपने परिचय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की अवधारणा और लाल बहादुर शास्त्री के नारे 'जय जवान जय किसान' की प्रासंगिकता को समझाया। कॉलेज के प्राचार्य और कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. स्वप्निल दाहात ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्रीजी की ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती और राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. यशवंत मेश्राम ने भी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी और 1965 के भारत-पाक युद्ध में लाल बहादुर शास्त्री की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर इतिहास अध्ययन मंडल के सलाहकार डॉ. जयंत रामटेके, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रशांत ढोंगले, डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद शेंडे, डॉ. सुदीप मंडल, डॉ. महेश जोगी, प्रो. धम्मदिना बोरकर, प्रो. जागृति कौशकिया, मंगेश यादव एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिव्या मस्के ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अमन सहारे ने दिया।

# सावनेर में मिला महिला का सड़ी-गली अवस्था में शव, हत्या की आशंका

**सावनेर.**




सावनेर थाना अंतर्गत पाटनसावंगी पुलिस चौकी क्षेत्र के सावरमेंढा गाँव के बाहरी इलाके में एक खेत के पास नाले किनारे एक महिला का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव लगभग दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। स्थानीय अपराध शाखा, सावनेर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को मेयो अस्पताल नागपुर भेजा गया, जहाँ पोस्टमार्टम के दौरान यह खुलासा हुआ कि मृतका गर्भवती थी। मृतका की उम्र लगभग 30-32 वर्ष बताई जा रही है। उसके कपड़े और ब्रांडेड जूतों से अनुमान है कि वह किसी रसूखदार परिवार से ताल्लुक रखती थी। हत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस प्रेम-प्रसंग सहित अन्य कोणों से भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस उप-विभागीय अधिकारी सागर खार्डे के मार्गदर्शन में थानेदार उमेश पाटील आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।

# चिचोली के सद्धम्म बुद्ध विहार में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया

**खापरखेडा.**

चिचोली स्थित सद्धम्म बुद्ध विहार में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस का भव्य एवं सुसंस्कृत आयोजन किया गया। इस अवसर पर बौद्ध समाज की आध्यात्मिक एकता, समता और मानवता का संदेश पूरे श्रद्धाभाव से जनमानस तक पहुँचाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंचशील ध्वजवंदन से हुई, जिसमें ग्रामपंचायत चिचोली (खापरखेडा) की सरपंच मीनाक्षीताई तागडे ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उपस्थित उपासक-उपासिकाओं ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को नमन करते हुए अभिवादन किया। सभी ने सामूहिक बुद्ध वंदना की और बावीस प्रतिज्ञाओं का एकस्वर में पाठ कर डॉ. आंबेडकर द्वारा प्रतिपादित समता, बंधुता और न्याय के सिद्धांतों को स्मरण किया।

इस मौके पर वंचित बहुजन आघाडी के नागपुर जिलाध्यक्ष अजय सहारे, ग्रामपंचायत सदस्या हेमलता






पानतावने, महिला मंडल की अध्यक्षा माया पाटील, आनंद बागडे समेत बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएँ उपस्थित रहीं।

वक्ताओं ने धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. आंबेडकर के विचारों के समाज पर पड़े प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे धम्म के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान दें।

कार्यक्रम का समापन बुद्ध वंदना, प्रसाद वितरण और एक-दूसरे को धम्मदर्शन की शुभकामनाएँ देने के साथ हुआ। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में सभी ने धम्ममय अनुभूति प्राप्त की।

# दशहरा में कल्पतरु कॉलोनी के बच्चों ने की शानदार रामलीला

**कामठी.**

दशहरा पर्व के उल्लास के बीच, केंटोनमेंट स्थित कल्पतरु कॉलोनी में कल्पतरु दुर्गा उत्सव मंडल द्वारा 25 वे महोत्सव वर्ष में बच्चों की शानदार रामलीला का आयोजन किया गया। यह मनमोहक प्रस्तुति छावनी परिषद के मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव और छावनी क्षेत्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, उपाध्यक्ष सोमेश जेटली के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

बच्चों ने पारंपरिक रामलीला के पात्रों को बड़ी खूबी से निभाया, जिससे पूरे कॉलोनी में पर्व का उत्साह और बढ़ गया। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि इसने बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपरा से भी जोड़ा।



कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलोनी के बच्चों की एक उत्साही टीम ने कड़ी मेहनत की। इनमें सोनू, आरुष, परख, वरुण, ख़ुशी, रिया, चिवी, आरना शुक्ला, परी कोचे, परी जेटली, सिमरन यादव, रियांश, कार्तिक, नक्श, आरव, योनीत, अभिर, और ऋतिक शामिल थे। इन सभी नन्हे कलाकारों और आयोजकों के समर्पण से यह रामलीला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। स्थानीय निवासियों ने बच्चों के इस प्रयास की जमकर सराहना की और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# सावनेर तहसील में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन

## > किसानों की कर्जमाफी और राहुल गांधी को धमकी देने वाले पर कार्रवाई की मांग

**खापरखेडा.**

महाराष्ट्र में इस वर्ष हुई अनियमित और लगातार बारिश ने खरीफ सीजन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। फसलों को हुए भारी नुकसान से किसान कर्ज और आर्थिक संकट में फँस गए हैं। किसानों की इसी बदहाली और राहुल गांधी को मिली धमकी के विरोध में आज सावनेर तहसील कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया और तहसीलदार कार्यालय व पुलिस स्टेशन में अलग-अलग ज्ञापन सौंपे।

**कर्जमाफी की माँग :** तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों पर पहले से ही भारी कर्ज है और बारिश व ओलावृष्टि से हुए नुकसान के कारण वे कर्ज चुकाने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे हालात में सरकार को तुरंत सार्वजनिक कर्जमाफी की घोषणा कर किसानों को राहत राशि उपलब्ध करानी चाहिए। नेताओं का आरोप था कि सरकार केवल







आश्वासन दे रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**राहुल गांधी को धमकी का मुद्दा :** इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सावनेर पुलिस स्टेशन में भी ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोप लगाया गया कि भाजपा कार्यकर्ता पिंटू महादेवम ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी है। कांग्रेस ने इसे गंभीर लोकतंत्र विरोधी कृत्य बताते हुए आरोपी पर तुरंत कठोर कार्रवाई की माँग की।

**नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी :** ज्ञापन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर नितीन राठी, शेषराव रहाटे, बैजनाथ डोंगरे, जानराव केदार, विवेक मोवाडे, प्रकाश खापरे, रविंद्र चिखले, गोविंदा ठाकरे, कपिल वानखेड़े, प्रकाश पराते, गणेश काकड़े, राजेश खांगरे, पवन जैस्वाल, अनिल राय, सतीश केदार, हारून शेख, दीपक दलाल, अशोक डवरे, प्रवीण झाड़े, सुभाष रहाटे, मनोज बसवार, गोपाल घटे, सुरेश केने, अमोल केने, हेमंत सोरमारे, ईश्वर घोड़मारे समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

**कांग्रेस का अल्टीमेटम :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि यदि किसानों को तुरंत राहत नहीं दी गई और राहुल गांधी को धमकी देने वाले पर कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेंगे। नेताओं ने स्पष्ट कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

# लाखनी तहसील में किसानों को दुर्घटना बीमा योजना का लाभ

**भंडारा.**

लाखनी के किसानों को गोपीनाथ मुंडे शेतकरी दुर्घटना सुरक्षा आश्रय योजना 2023-24 के तहत दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत बिजली गिरने, सर्पदंश, बिच्छू के काटने, सड़क दुर्घटना, बाढ़ या बिजली के झटके जैसी घटनाओं में मृत्य या स्थायी विकलांगता की स्थिति में किसानों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।



जानकारी के अनुसार, 2023-24 में लाखनी तालुका में 14 किसानों की दुर्घटनाएँ हुईं, जिनमें से 11 किसानों के उत्तराधिकारियों को 2-2 लाख रुपये की दर से कुल 22 लाख रुपये वितरित किए गए। वहीं, 2024-25 में मई तक में 26 दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं और 25 किसानों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। अब तक 11 किसानों के उत्तराधिकारियों को 22 लाख रुपये का लाभ दिया जा चुका है।

इस बीच, सितंबर माह में हुई पाँच नई दुर्घटनाओं के प्रस्तावों को 3 अक्टूबर, 2025 को हुई तालुका समिति की बैठक में मंजूरी दी गई और सरकार को अनुदान हेतु भेजा गया है। अनुदान स्वीकृत होते ही राशि सीधे किसानों के उत्तराधिकारियों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी।

कृषि अधिकारी नितिन राठौड़, कृषि पर्यवेक्षक प्रेमानंद खंडैत, स्वास्थ्य अधिकारी सुनील हटनागर और तहसीलदार धनंजय देशमुख ने इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं।

## भंडारा जिले में 166 अनुकंपाप्राप्त अभ्यर्थियों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**भंडारा.**

मुख्यमंत्री के 150 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के बेरोजगारों को न्याय दिलाने और सरकारी सेवा में अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

इस पहल के अंतर्गत, अनुकंपा प्राप्त अभ्यर्थियों की भर्ती और महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश शनिवार, 4 अक्टूबर को दिए जाएँगे।

यह कार्यक्रम शनिवार को सुबह 10 बजे पुलिस मुख्यालय स्थित पुलिस बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की सुशासन और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की अवधारणा के अनुरूप है और इससे जिले के युवाओं को सरकारी सेवा में एक नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी।

जिला प्रशासन ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## सेवाग्राम में आयोजित हुई छठी राज्यस्तरीय लेखन कार्यशाला

**वर्धा.**





आकांक्षा प्रकाशन द्वारा सेवाग्राम आश्रम में छठी राज्यस्तरीय लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन 'बाईमानुस' की लेखिका करुणा गोखले ने किया, जबकि अध्यक्षता 90वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आलोचक डॉ. अक्षयकुमार काले ने संभाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रमोद मुनघाटे उपस्थित रहे।

आकांक्षा प्रकाशन पिछले कई वर्षों से लेखन में रुचि रखने वाले और सक्रिय लेखकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित कर रहा है। इससे पहले इस कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका नीरजा, प्रज्ञा दया पवार, उर्मिला पवार और डॉ. यशवंत मनोहर कर चुके हैं। इस वर्ष महिला मुक्ति की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए लेखिका करुणा गोखले ने प्रतिभागियों के साथ संवाद किया।

दो दिवसीय इस कार्यशाला में विविध साहित्यिक अध्ययन सत्रों का आयोजन किया गया। मुख्य सत्रों में किसी घटना की स्थापना और उसके माध्यम से कहानी को आगे बढ़ाना, लेखन प्रक्रिया में सोशल मीडिया का लाभ, विभिन्न आत्मकथाओं पर चर्चा, ताराबाई के विवादास्पद भाषण पर विचार विमर्श आदि शामिल थे। कार्यशाला में आयोजित कवि सम्मेलन के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि बबन सराडकर रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को कविता लेखन पर मार्गदर्शन भी दिया।

कार्यशाला आयोजक और आकांक्षा प्रकाशन की प्रमुख अरुणा सबाने, तथा आयोजन समिति के सदस्य धनश्री पाटिल, डॉ. वसुधा वैद्य, डॉ. अशोक काले और डॉ. वंदना महात्मे ने इस कार्यशाला में भाग लेने के इच्छुक लोगों से संपर्क करने की अपील की। अधिक जानकारी के लिए 9921407479 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 'राहुल गांधी से पहले हमें गोली मारो': घुग्घुस कांग्रेस की भाजपा प्रवक्ता को चुनौती

**घुग्घूस.**




केरल के भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन द्वारा कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी को लाइव टीवी चर्चा के दौरान जान से मारने की धमकी देने से घुग्घूस शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। महादेवन ने कहा, "राहुल गांधी के सीने में गोली मार देंगे।"

घुग्घूस कांग्रेस अध्यक्ष राजुरेड्डी ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि संघ और भाजपा जहरीले विचारों की घृणित राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी संघ के लोगों ने गोली मारी थी। अब उसी विचारधारा के लोग राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दे रहे हैं। राहुल गांधी से पहले हमारे सीने में गोली मारो।' इसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और उनके पुतले पर गोबर फेंककर तथा जूतों-चप्पलों से मारकर विरोध जताया।

इस विरोध आंदोलन में शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैय्यद अनवर, श्यामराव बोबडे, जिला महासचिव अलीम शेख, शेख शमिउद्दीन, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष रोशन दंतलवार, जिला सचिव अजय उपाध्याय, इंटक जिला उपाध्यक्ष शहजाद शेख, जिला महासचिव पद्मा त्रिवेणी, जिला सचिव दुर्गा पाटील, शहर कार्याध्यक्ष दीप्ती सोनटक्के, संध्या मंडल, जोया शेख, रोहित डाकुर, दीपक पेंडोर, सचिन नागपुरे, बालकिशन कुलसंगे, दीपक कांबले, सुनील पाटील, शहशाह शेख, निखिल पुनघंटी, अरविंद चहांदे, कपिल गोगला, अनवर सिद्दीकी, अंकुश सपाटे, रंजीत राखुंडे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी जयंती पर अग्निहोत्री महाविद्यालय में कार्यक्रम

**वर्धा.**




2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर अग्निहोत्री महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जय महाकाली शिक्षण संस्था के अध्यक्ष पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने गांधीजी के जीवन और उनके महान कार्यों पर अपने विचार साझा किए।

पं. अग्निहोत्री ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती भारतीय जनमानस के हृदय में एक अद्वितीय स्थान रखती है। गांधीजी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर में हुआ था और उनके आदर्श—सत्य, अहिंसा और करुणा—ने न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व के इतिहास को प्रभावित किया। उन्होंने सत्याग्रह के माध्यम से अन्याय के खिलाफ लड़ने की शक्ति लोगों में उत्पन्न की और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को शांतिपूर्ण दिशा दी।अध्यक्ष ने महात्मा गांधी द्वारा आत्मनिर्भरता और 'खादी' के प्रचार, सादगी, ईमानदारी और नैतिक साहस की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज समाज में बढ़ती असहिष्णुता और अन्याय के बीच गांधीजी के मूल्य—सत्य, अहिंसा और सहिष्णुता—और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में गांधीजी के आदर्शों का अनुसरण करने और अपने जीवन में उन्हें अपनाने का संदेश दिया गया।

### महिला बाल दुर्गा उत्सव मंडल में गरबा डांडिया प्रतियोगिता

**देसागंज.** महिला बाल दुर्गा उत्सव मंडल शिवाजी वार्ड देसागंज द्वारा मंगलवार, 30/9/2025 को गरबा डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।गरबा डांडिया प्रतियोगिता में राजर्षि शाहू महाराज नगर परिषद प्राथमिक विद्यालय भगत सिंह वार्ड देसागंज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंडल की ओर से उन्हें 551 रुपये और मंडल के अध्यक्ष अतुल मडावी ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। अनिकेत शाहरे की ओर से सभी छात्रों को बोतलें वितरित की गईं। साथ ही, विद्यालय की प्रधानाचार्या माननीया वंदना उसेंडी मैडम ने सराहनीय बच्चे को 500 रुपये दिए और सहकारी शिक्षक केंद्रे सर, कुमारी मनीषा मैडम, दर्शना मैडम, स्मिता मैडम, सोराते मैडम ने भी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। छात्रों की खूब सराहना की गई।

## फ्लैगशिप योजनाओं पर एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न




**भंडारा.**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित मेरा युवा भारत, भंडारा तथा आठवले समाज कार्य महाविद्यालय, भंडारा के संयुक्त तत्वावधान में और खेल विभाग के सहयोग से 3 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय के स्व. डॉ. चंदनसिंह रोटेले सभागृह में "फ्लैगशिप योजनाओं" पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. नरेश कोलते ने की। उद्घाटन कौशल्य विकास, रोजगार एवं उद्योजकता मार्गदर्शन केंद्र, जिला क्रीडा संकुल भंडारा के सहायक आयुक्त डॉ. सुधाकर झलके द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया भंडारा के लीड बैंक मैनेजर राजीव नंदनवार, जिला उद्योग केंद्र की निरीक्षक चक्षुमति अडाव, शासकीय आईटीआई भंडारा के प्रा. सुधाकर शेंडे, मेरा युवा भारत भंडारा के जिला युवा अधिकारी सुशील भड, वित्त अधिकारी रमेश अहिरकर, कार्यशाला समन्वयक डॉ. चंदू पाटिल, तथा प्राध्यापकगण प्रा. अमोलसिंह रोटेले, डॉ. नंदकिशोर भगत, डॉ. आरती पवार, डॉ. मालवीय, डॉ. मधुकर निकम, डॉ. ज्योति नाकतोडे, डॉ. रवि चंदेल, प्रा. सुनिल उईके और प्रा. शिवकुमार बावनकुळे उपस्थित थे।

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को सरकारी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी और रोजगार एवं उद्योजकता के अवसरों पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं की विवरण पत्रिका तथा 10 से 12 जनवरी 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले "विकसित भारत युवा नेता संवाद के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

कार्यशाला का संचालन डॉ. नंदकिशोर भगत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. चंदू पाटिल ने किया। इस कार्यशाला में कुल 84 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

# भव्य शोभायात्रा, शौर्य प्रदर्शन और रावण दहन के साथ मनाया गया दशहरा उत्सव

**> कोरंबी देवी माता पिंगलेश्वरी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब**

**> मुख्य अतिथि जनसेवक पवन मस्के ने किया मार्गदर्शन**

**भंडारा.**

कोरंबी देवी माता पिंगलेश्वरी मंदिर परिसर में विजयादशमी (दशहरा) पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान, भव्य शोभायात्रा, स्त्रीशक्ति शौर्य प्रदर्शन और रावण दहन।

कार्यक्रम की शुरुआत पूरे गाँव से निकली एक भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ आकर्षक चित्ररथ शामिल थे। यात्रा के बाद मंच पर शिवकालीन दंडपट्ट और शस्त्र विद्या का मनमोहक प्रदर्शन हुआ। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा प्रस्तुत शौर्य प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और दर्शकों ने वीरता की इस झलक की भरपूर सराहना की।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंडारा जिला कांग्रेस कमेटी के रोजगार एवं स्वरोजगार विभाग के जिला अध्यक्ष जनसेवक पवन मस्के थे। उन्होंने विजयादशमी के महत्व पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विजयादशमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, 'रावण का वध केवल एक व्यक्ति का अंत नहीं, बल्कि अहंकार, अन्याय और अत्याचार का नाश है। हमें अपने जीवन में व्याप्त बुराइयों—जैसे भ्रष्टाचार, आलस्य और नकारात्मकता का भी दहन करना चाहिए।' पवन मस्के ने आगे कहा कि भगवान श्रीराम केवल भगवान नहीं, बल्कि आदर्श पुरुषोत्तम हैं। उनका जीवन कर्तव्य, निष्ठा और मर्यादा का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने समाज को एकता, नैतिकता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में 'स्त्रीशक्ति शौर्य प्रदर्शन' के माध्यम से महिलाओं ने शिवकालीन शस्त्र विद्या का प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि भारतीय नारी केवल कोमलता नहीं, बल्कि पराक्रम की भी प्रतीक है। मस्के ने कहा, "महिलाओं के सशक्त होने पर ही समाज और देश सशक्त बन सकता है। शिक्षा, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाना हम सबका दायित्व है।"

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रत्नमाला चेटुले (पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष), यशवंत सोनकुसरे, जगदीश सर्वे, श्रद्धा लुटे, सुधाकर सातरावणे, प्रवीण मेश्राम, प्रवीण उदापुरे, राजेंद्र तुमसरे, चिंतामन तिजारे, छाया वनवे, लक्ष्मी पंचीपात्रे समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। भव्य रावण दहन और देवी आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित लोगों ने परस्पर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और पूरे परिसर में 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंज उठे।

## भाजपा स्नातक मतदाता कार्यशाला: बैनर पर मुख्यमंत्री का फोटो न होने से मचा राजनीतिक बवाल

**हिंगनघाट.**




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिंगनघाट व ग्रामीण क्षेत्र की ओर से हाल ही में विद्या विकास महाविद्यालय के हॉल में स्नातक मतदाता पंजीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनर को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है। कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए पूर्व नगराध्यक्ष ने नाराज़गी जताई और सवाल उठाया कि बैनर पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का फोटो न होना क्या इस बात का संकेत है कि स्थानीय नेतृत्व मुख्यमंत्री को भूल रहा है।

भाजपा के प्रोटोकॉल के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय नेता, राज्य के मुख्यमंत्री और प्रमुख पदाधिकारियों के फोटो बैनरों पर होना अनिवार्य है। लेकिन हिंगनघाट में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का फोटो गायब रहने से कार्यकर्ताओं और स्नातक मतदाताओं के बीच कई सवाल खड़े हो गए हैं।

इस मामले को लेकर चर्चा है कि क्या यह केवल आयोजकों की लापरवाही थी या फिर मुख्यमंत्री को जानबूझकर दरकिनार करने की राजनीतिक कोशिश की गई। पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं का मानना है कि संवेदनशील स्नातक मतदाता कार्यशाला में ऐसा होना आगामी चुनावों में भाजपा के लिए नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

राज्यभर में कहीं भी मुख्यमंत्री फडणवीस को बैनर से बाहर रखने का प्रेसिडेंट नहीं देखा गया है, लेकिन हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र में इस कदम ने स्थानीय राजनीति में खलबली मचा दी है। पार्टी में गुटबाजी का सवाल भी एक बार फिर उभरकर सामने आया है।

कुल मिलाकर, हिंगनघाट की इस घटना ने भाजपा के भीतर असमंजस का माहौल पैदा कर दिया है और मुख्यमंत्री की स्थिति पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

## बोरधरण स्थित भोंडाई माता देवस्थान में धूमधाम से मनाया गया महानवमी उत्सव

**> विधायक राजेश बकाने ने भक्तों को परोसा महाप्रसाद, दिखाया अनोखा सेवा भाव**

**वर्धा.**

सेलू तहसील के बोरधरण स्थित जागृत देवस्थान भोंडाई माता मंदिर में महानवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। भक्तों की मान्यता है कि 'माँ भोंडाई माता के दर्शन करने आया भक्त कभी खाली हाथ नहीं लौटता', जिससे यह उत्सव हर साल भव्य रूप धारण करता है।

इस वर्ष होम-हवन, देवी पूजन और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवली-पुलगाव विधानसभा के विधायक राजेश बकाने भी उपस्थित रहे और उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया।

विशेष रूप से, विधायक बकाने ने महाप्रसाद के लिए कतार में बैठे भक्तों को स्वयं भोजन परोसा। ज़मीन पर बैठकर की गई यह सेवा, "भक्त भगवान का सेवक है" के भाव का परिचायक रही, और उपस्थित भक्तों ने इसे भावपूर्ण अनुभव के रूप में देखा।



विधायक बकाने ने इस अवसर पर कहा, "भोंडाई माता के चरणों में नमन करते हुए केवल दर्शन पर्याप्त नहीं हैं। भक्तों की सेवा में स्वयं को समर्पित करना ही सच्ची भक्ति है। माता की कृपा से मुझे जनसेवा का अवसर मिला है। मैं मंदिर के विकास और यहाँ सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करता रहूँगा।"

कार्यक्रम में भोंडाई माता देवस्थान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने विधायक का हार्दिक स्वागत किया। अंत में बड़ी संख्या में भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

भक्ति, सेवा और जनहित कार्यों के संगम से इस वर्ष का महानवमी महोत्सव और भी भव्य रूप में संपन्न हुआ।

## विश्व हिंदू परिषद ने किया भंडारा में विजयादशमी पर भव्य शस्त्रपूजन

**भंडारा.**

दशहरे के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) भंडारा जिला, अखिल क्षत्रिय समाज भंडारा तथा श्री शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान भंडारा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भंडारा नगर के खामतलाव परिसर, रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा परिसर में संपन्न हुआ। समारोह में 51 फीट के स्तंभ पर भगवा ध्वज का रोहन भी किया गया। विहिप जिला अध्यक्ष जैकी रावलानी ने भगवा ध्वज और शस्त्र पूजन का विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम में उन्होंने हिंदू धर्म में शस्त्र पूजन के महत्व और साहस निर्माण में इसकी भूमिका पर उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अखिल क्षत्रिय समाज भंडारा के ठा. राजीवसिंग शक्करवार, ठा. ललितसिंग बच्चिल, ठा. दलपत सिंग, ठा. विवेकसिंग बच्चिल, शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान के पदाधिकारी आकाश बावनकुले, हर्षल जावलकर, विनायक बावनकुले, यश आबडकर, विहिप नगर अध्यक्ष कृष्णा हट्टिमारे, जिला कोषाध्यक् मनोहर हेड़ाऊ, दीपक झवर, मनोज मुतकलवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विहिप जिला सह मंत्री प्रकाश पांडे और ठा. विनय सोलंकी ने हिंदू धर्म में शस्त्र पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह का समापन सकल हिंदू समाज द्वारा शस्त्र पूजन और भारत माता की आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर मातृशक्ति सौ प्रीति पांडे, दीक्षा अग्रवाल, सौ जया कच्छवाहा, अर्चना बच्चिल, गौरी पांडे, विहिप जिला सह संयोजिका मातृशक्ति सौ ममता दलाल और नगर सह संयोजिका सुवर्णा देशकर ने आरती में भाग लिया।



कार्यक्रम का संचालन भंडारा नगर सह मंत्री विहिप अनिल डोंगरवार और शशिकांत वैद्य ने किया। संपूर्ण आयोजन की योजना भंडारा नगर मंत्री राकेश सेलोकर, जिला प्रचार-प्रसार आयाम के देवेंद्र कोहाड़, साहिल भिवगड़े, शिवानंद चेपे, निखिल भजनकर और चिन्मय आंबेकर ने तैयार की थी।

## फसल निरीक्षण में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसान सहायक की सहायता लें: जिला प्रशासन की अपील

**भंडारा.**

चूँकि भंडारा जिले में धान एक अत्यंत महत्वपूर्ण फसल है, इसलिए धान का शत-प्रतिशत निरीक्षण आवश्यक है। खरीफ सीजन 2025 के दौरान, 1 अगस्त 2025 से 30 सितंबर 2025 तक, किसानों ने डीसीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से कुल 178262.72 हेक्टेयर क्षेत्र का ई-फसल निरीक्षण किया है।

शेष फसल निरीक्षण 1 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक, द्वारा गाँव के अनुसार नियुक्त सहायकों द्वारा शत-प्रतिशत पूरा किया जाना है। किसानों से अपील है कि यदि तकनीकी कठिनाइयों या अन्य कारणों से किसी खेत का निरीक्षण शेष रह गया हो, तो वे अपने ग्राम सहायकों से संपर्क करें।



इसके अलावा, यदि किसानों द्वारा किया गया गलत फसल निरीक्षण या सहायकों द्वारा किया गया गलत फसल निरीक्षण ग्राम राजस्व अधिकारी द्वारा दो बार रद्द कर दिया गया है, तो ऐसे फसल निरीक्षण को बोर्ड अधिकारी के सत्यापनकर्ता लॉगिन में ठीक किया जाना चाहिए। जिला कलेक्टर सावन कुमार ने बताया कि यदि किसी गलत फसल अवलोकन रिकॉर्ड को ठीक करने की आवश्यकता है, तो व्यक्ति को जिला अधिकारी से संपर्क करना चाहिए।

# देवी विसर्जन में दर्दनाक हादसा: हिंगनघाट में दो युवक नदी में डूबे

**हिंगनघाट.**

वर्धा जिले के दारोडा गांव में देवी विसर्जन का उत्सव दुखद घटना में बदल गया। गुरुवार शाम वणा नदी में विसर्जन के लिए गए दो युवकों की तेज बहाव में डूबकर मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, विशाल मनोहर पोहाणे (25 वर्ष) और हर्षल नत्थूजी चाफले (24 वर्ष) विसर्जन के लिए नदी में उतरे थे। गहरे पानी और तेज प्रवाह का अंदाज़ न होने के कारण दोनों बह गए। स्थानीय नागरिकों और मछुआरों ने देर रात तक तलाश की, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण खोज अभियान रोकना पड़ा।





शुक्रवार सुबह एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय मछुआरों की मदद से खोज अभियान फिर शुरू किया गया। इसी दौरान घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर टेंबा शिवार स्थित नदीपात्र में दोनों युवकों के शव बरामद किए गए।

इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। विसर्जन का उत्सव शोकसभा में बदल गया और मृतकों के परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पूरे क्षेत्र में शोक व्यक्त किया जा रहा है।

## केडीएम पब्लिक स्कूल में गांधी-शास्त्री जयंती उत्साहपूर्वक संपन्न

**वर्धा.**

केडीएम पब्लिक स्कूल एवं प्री स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

लक्षदित्य एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित इस विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने विद्यालय के आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंत वैद्य ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शुभम हनवते उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा गांधीजी और शास्त्रीजी के जीवन तथा उनके सिद्धांतों पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को सत्य, अहिंसा, सेवा और स्वच्छता जैसे मूल्यों के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन छात्र विनीत मालोदे ने किया।










विद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों की समझ बढ़ाने में सहायक हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों और शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

